http://www.sgbauonline.com/



**M.A. (Part–I) (Translation Hindi) Semester—I Examination**

**TRANSLATION HINDI**

**(Hindi Bhasha Tatha Sahitya Ka Swaroop Ewam Vikas)**

**Paper–3**

समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :–

(क) कबिरा प्याला प्रेम का, अंतर दिया लगाय।
रोम रोम में रमि रह्या, और अमल क्या खाय।।
राता-माता नाम का, पीया प्रेम अघाय।
मतवाला दीदार का, माँगे मुक्ति बलाय।।

(ख) सखा ? सुनो मेरी इक बात।
वह लतागन संग गोरिन सुधि करत पछितात।।
कहाँ वह वृषभानुतनया परम सुन्दर गात।
सुरति आए रासरस की अधिक जिय अकुलात।।
सदा हित यह रहत नाहीं सकल मिथ्या-जात।
सूर प्रभु यह सुनौ मोसों एक ही सों नात।।

(ग) जदपि नाथ बहु अवगुन मोरें। सेवक प्रभुहिपरै जनि भोरें।
नाथ जीव तव मायाँ मोहा। सो निस्तरइ तुम्हारेहिं छोहा।।
ता पर मैं रघुबीर दोहाई। जानउँ नहिं कछु भजन उपाई।
सेवक सुत पति मातु भरोसें। रहइ असोच बनइ प्रभु पोसें।। 2×8=16

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :–

(1) आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

(2) हिंदी की बोलियों का परिचय दीजिए।

(3) हिंदी साहित्य के काल-विभाजन और नामकरण को विशद कीजिए।

(4) 'तुलसीदास' की भक्ति-भावना को निरूपित कीजिए।

(5) आदिकालीन अपभ्रंश कवियों की रचनाओं का परिचय दीजिए। 16×2=32

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 पंक्तियों में लिखिए :—

(1) कबीर की विद्रोह-भावना को रेखांकित कीजिए।

(2) हिंदी शब्द का अर्थ और विकास को विशद कीजिए।

(3) "भाव और भाषा दोनों ही दृष्टि से भ्रमरगीत अद्वितीय काव्य है।" स्पष्ट कीजिए।

(4) डिंगल और पिंगल भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(5) रासो काव्य परम्परा के प्रमुख ग्रंथों का उल्लेख कीजिए।

(6) हिन्दी साहित्य की आदिकालीन भाषा की विशेषताएँ निरूपित कीजिए।

(7) तुलसीदास की रचनाओं का परिचय दीजिए।

(8) सिद्ध साहित्य की सामान्य प्रवृतियाँ स्पष्ट कीजिए। 4×4=16



http://www.sgbauonline.com/

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए :–

(अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) कबीर के गुरु कौन हैं ?

(2) खड़ी बोली का दूसरा नाम क्या है ?

(3) अपभ्रंश में लिखित रामचरित्र ग्रंथ कौनसा है ?

(4) रामचरितमानस मे कितने कांड हैं ?

(आ) उचित पर्याय चुनकर लिखिए :

(5) आदिकाल को 'वीरगाथा काल' नाम किसने दिया ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) शिवसिंह सेंगर

(C) रामकुमार वर्मा (D) मिश्रबंधु

(6) अष्टछाप के कवि किस मंदिर मे ध्यान मग्न रहते थे ?

(A) राम मंदिर (B) हनुमान मंदिर

(C) श्रीनाथ (D) शिव मंदिर

(7) चंदबरदायी किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(A) जयसिंह (B) पुष्पदंत

(C) शेरशाह सूरी (D) पृथ्वीराज चौहान

(8) अपभ्रंश भाषा में स्वर कितने है ?

(A) 8 (B) 9

(C) 12 (D) 10

(इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

(9) पिटक और अनुपिटक में _____ भाषा का साहित्य विभक्त है। (पालि, प्राकृत, अपभ्रंश)

(10) हिन्दी में 'भ्रमरगीत' परंपरा के _____ प्रवर्तक है। (सुंदरदास, नंददास, सूरदास)

(11) ब्रजभाषा मिश्रित अपभ्रंश का _____ नाम है। (डिंगल, शौरसेनी, पिंगल)

(12) अमीर खुसरो का जीवनकाल _____ है। (1255-1324ई., 1200-1300ई., 1250-1350ई.)

(ई) सुमेलित कीजिए :–

(13) अपभ्रंश का क्षेत्रीय रूप _____ विकसित होने वाली बोली :

(a) शौरसेनी अपभ्रंश (I) ब्रजभाषा

(b) मागधी अपभ्रंश (II) अवधी

(c) अर्द्धमागधी अपभ्रंश (III) पंजाबी

(d) पैशाची अपभ्रंश (IV) मैथिली

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | II | I | IV |
| (B) | II | I | IV | III |
| (C) | I | IV | II | III |
| (D) | III | IV | I | II |

http://www.sgbauonline.com/

(14) सूची—I / सूची—II

| सूची—I | | सूची—II |
|---|---|---|
| (a) | कीर्तिपताका | (1) अब्दुल रहमान |
| (b) | शब्दानुशासन | (2) स्वयंभू |
| (c) | संदेश रासक | (3) हेमचंद्र |
| (d) | पउम चरिउ | (4) विद्यापति |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

(15) रासो ग्रंथ _______ रचयिता :

| | | |
|---|---|---|
| (a) | पृथ्वीराज रासो | (1) जगनिक |
| (b) | परमाल रासो | (2) दलपति विजय |
| (c) | बीसलदेव रासो | (3) चन्दबरदायी |
| (d) | खुमान रासो | (4) नरपति नाल्ह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

(16)

| सूची—I | | सूची—II |
|---|---|---|
| (a) | शिवसिंह सेंगर | (1) मिश्रबंधु विनोद |
| (b) | रामचंद्र शुक्ल | (2) शिवसिंह सरोज |
| (c) | हजारी प्रसाद द्विवेदी | (3) हिंदी साहित्य का इतिहास |
| (d) | मिश्रबंधु | (4) हिंदी साहित्य का आदिकाल |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

16×1=16



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/